प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 गुरूवार दिनांक 07.11.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–

1– रायपुर में कल से भारतीय सड़क कांग्रेस का अधिवेशन आयोजित किया जाएगा–केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी करेंगे शुभारंभ।

2– भारतीय रेलवे, त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के लिए कल से एक सौ चौंसठ विशेष रेलगाड़ियां चलाएगा।

3– केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पराली जलाने पर जुर्माना दोगुना कर दिया है।

4– छठ पूजा के तीसरे दिन आज शाम श्रद्धालुओं ने नदी के किनारे स्थित विभिन्न छठ घाटों पर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया।

.........................................................................

<u>भारतीय सड़क कांग्रेस अधिवेशन</u>

छत्तीसगढ़ में कल आठ नवंबर से भारतीय सड़क कांग्रेस का अधिवेशन रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में शुरू होगा। छत्तीसगढ़ में पहली बार होने जा रहे इस तिरासीवें अधिवेशन की रायपुर मेजबानी करेगा। इस अधिवेशन का शुभारंभ केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी कल शाम साढ़े चार बजे करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव करेंगे।

आज शाम रायपुर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि चार दिवसीय इस सम्मेलन के दौरान अनेक तकनीकी सत्र होंगे। इस सम्मेलन में दो हजार से अधिक विशेषज्ञ भाग लेंगे। भारत के बड़े डेवलपर्स इस अधिवेशन में शामिल होंगे। इसके अलावा श्रीलंका, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया और सिंगापुर जैसे देशों के कंस्ट्रक्शन एक्सपर्ट और वैज्ञानिक भी राजधानी पहुंचेंगे। ग्यारह नवबर तक चलने वाले इस अधिवेशन में रोड कंस्ट्रक्शन से जुड़ी नई तकनीक पर चर्चा होगी।

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने आज रायपुर स्थित साईंस कॉलेज परिसर के चित्रकोट हॉल में तकनीकी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

..........................................................................

रेलवे–विशेष गाड़ियां

भारतीय रेलवे त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के लिए कल आठ नवंबर से एक सौ चौंसठ विशेष रेलगाड़ियां चलाएगा। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि त्योहारों को देखते हुए विशेष ट्रेनों का परिचालन जारी है।

भारतीय रेल द्वारा सात हजार सात सौ से अधिक गाड़ियों के परिचालन की महत्ती योजना तैयार की गई है। चार नवम्बर को सबसे अधिक रिकॉर्ड संख्या में हम लोगों ने स्पेशल ट्रेनें चलाई और कुल मिलाकर देश के विभिन्न हिस्सों से भारतीय रेल की मदद से तीन करोड़ से अधिक यात्रियों ने सफर किया, जो कि इस साल का अपने आप में रिकॉर्ड है। स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का सिलसिला अभी चलता रहेगा। आज भी हम लोग करीब 160 स्पेशल रेलगाड़ियों का परिचालन कर रहे हैं और कल की डेट में हम लोग 165 विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन करेंगे।

..........................................................................

रेलवे–स्पेशल ट्रेन

भारतीय रेलवे ने अब तक लगभग चौव्वन लाख यात्रियों को स्पेशल ट्रेनों से अपने गंतव्य तक पहुंचाया है। नवरात्र से शुरू हुआ यह सिलसिला अब भी जारी है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे द्वारा नौ नवंबर को एक सौ साठ ट्रेनें, दस नवंबर को एक सौ इकसठ और ग्यारह नवंबर को एक सौ पचपन ट्रेनें चलाई जाएंगी।

इनमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा दुर्ग–अमृतसर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह ट्रेन दुर्ग से दस नवंबर को तथा अमृतसर से नौ और बारह नवंबर को चलेगी। वहीं, बिलासपुर–हडपसर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से हडपसर के लिए कल आठ नवंबर को तथा हडपसर से बिलासपुर के लिए नौ नवंबर को एक फेरे

के लिए चलेगी। इसके साथ ही सनतनगर–रायपुर स्पेशल ट्रेन सनतनगर से रायपुर के लिए चौदह नवंबर को और रायपुर से सनतनगर के लिए आठ तथा पंद्रह नवंबर को चलाई जाएगी।

इसके साथ ही रेलवे ने स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए हैं, जिसमें कतारबद्ध तरीके से ट्रेन में प्रवेश की व्यवस्था के साथ ही भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त कर्मचारी और रेलवे सुरक्षा बल के जवान तैनात किए गए हैं।

..............................................................................

पराली–जुर्माना

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पराली जलाने पर जुर्माना दोगुना कर दिया है। नये नियमों के तहत दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों को अब पांच हजार रुपये जुर्माना देना होगा, जो पहले ढाई हजार रुपये था। दो से पांच एकड़ जमीन वाले किसानों को दस हजार रुपये पर्यावरण क्षतिपूर्ति देनी होगी। जिन किसानों के पास पांच एकड़ से अधिक जमीन है, उन्हें तीस हजार रुपये पर्यावरण क्षतिपूर्ति देनी होगी।

..............................................................................

राज्योत्सव–समापन

छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस के अवसर पर नवा रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव के समापन कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि राज्यहित को राष्ट्रीय दृष्टिकोण से देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़, देश के लिए एक मिसाल है, यहां विकास के नये कीर्तिमान बन रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा विकसित भारत के निर्माण के लिए सबकी भागीदारी की जरूरत है। इसमें छत्तीसगढ़ का योगदान बढ़–चढ़कर होगा।

वहीं, राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बेहतर काम हो रहा है। एक युवा राज्य के रूप में सरकार का उद्देश्य सिर्फ आर्थिक विकास नहीं, बल्कि समग्र विकास है, जिसमे हर नागरिक का उत्थान हो सके।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोक कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने ''ए'' श्रेणी के कलाकारों की अधिकतम कार्यक्रम स्वीकृति सीमा को दस से बढ़ाकर बीस और ''बी'' श्रेणी के कलाकारों की अधिकतम सीमा बारह को बढ़ाकर चौबीस करने का ऐलान किया।

समापन कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की विभूतियों को छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण सम्मान से विभूषित किया।

.............................................................................

जनजातीय गौरव दिवस

भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर चौदह और पंद्रह नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस का राज्य स्तरीय आयोजन रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में होगा। आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी कलेक्टरों, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और आदिम जाति विकास विभाग के सहायक आयुक्तों को सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। श्री बोरा ने बताया कि कार्यक्रम की थीम ''सामाजिक, आर्थिक विकास, आजीविका और उद्यमिता, कला–संस्कृति तथा धरोहर, शिक्षा और कौशल विकास, स्वास्थ्य तथा जीवनशैली'' है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासियों के हितों का संरक्षण और संवर्धन करना है। इसमें राज्य के सत्रह विभाग और पच्चीस योजनाओं को शामिल किया गया है।

.............................................................................

गोपाल व्यास–निधन

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सदस्य गोपाल व्यास का आज सुबह निधन हो गया। वे इंक्यानवे वर्ष के थे। श्री व्यास दो हजार छह से लेकर दो हजार बारह तक छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद रहे। तेरह फरवरी दो हजार उन्नीस को वे राज्यसभा से सेवानिवृत्त हुए। श्री व्यास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–आरएसएस के वरिष्ठ कार्यकर्ता भी रहे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में पुरैना स्थित श्री व्यास के निवास पहुंचकर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। व्यास जी की मंशा के अनुरूप उनका पार्थिव शरीर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स को दान किया जाएगा।

.........................................................................

<u>छठ महापर्व</u>

छठ पूजा के तीसरे दिन आज शाम श्रद्धालुओं ने नदी के किनारे स्थित विभिन्न छठ घाटों पर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में छठ घाटों पर आज भव्य आयोजन किया गया। छठ पूजा के लिए घाटों को विशेष रुप से सजाया गया है। छठ घाटों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। चार दिन के इस पर्व का समापन कल सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उत्तर भारतीय और भोजपुरी समाज सहित प्रदेशवासियों को छठ महापर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री साय ने छठी मइया से प्रार्थना करते हुए कहा है कि छठ पर्व सब के जीवन में सुख–समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।

.........................................................................

<u>दुर्घटना</u>

कोरबा जिले के रावा गांव में एक एंबुलेंस पुल से नीचे गिर गई। इस  घटना में चार लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से दो की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायलों को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटनाग्रस्त एंबुलेंस राजस्थान की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार इस एंबुलेंस में जयपुर से एक व्यक्ति का शव बिलासपुर लाया गया था। इसके बाद एंबुलेंस वापस राजस्थान जा रही थी। इसी दौरान रावा गांव के पास एंबुलेंस अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गई।

वहीं, कोरबा शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत ट्रेलर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए हैं।

..............................................................................

आईईडी–बरामद

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा लगाए गए स्पाइक्स और आईईडी बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार गंगालूर थाना क्षेत्र के सुरक्षा कैम्प से डीआरजी, कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम गश्त पर निकली थी। इस दौरान मुतवेंडी से पीड़िया जाने वाले मार्ग पर सुरक्षा बलों ने स्पाइक्स और आईईडी बरामद किए, जिसे मौके पर ही जवानों ने नष्ट कर दिया।

..............................................................................

संक्षिप्त समाचार

और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– उच्चतम न्यायालय ने आज व्यवस्था दी कि सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के लिए भर्ती के निर्धारित नियमों में बीच में किसी प्रकार का फेरबदल नहीं किया जा सकता।

– जांजगीर–चांपा जिले के हेड़सपुर गांव की निलंबित सरपंच शांति बाई चार दिनों से अकलतरा एसडीएम कार्यालय के सामने अनशन पर बैठी हुई है। न्याय नहीं मिलने पर उन्होंने आत्मदाह की चेतावनी दी है।

– जांजगीर–चांपा जिले की सिटी कोतवाली पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर करीब डेढ़ लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है।

– दुर्ग जिले के चंगोरी गांव में आज एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई।

– बेमेतरा जिले के स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड में हुए विस्फोट मामले में शासन की ओर से श्रमिकों के अलावा अन्य शारीरिक क्षति पीड़ितों के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई है। पीड़ित व्यक्ति क्षतिपूर्ति के संबंध में इक्कीस नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>